दिनांक- 13.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 547/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 13.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 13.08.2026
प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 546/26

# महोबा पुलिस

## हर घर तिरंगा — देशभक्ति के रंग में रंगा महोबा

## जिलाधिकारी महोबा एवं पुलिस अधीक्षक महोबा के संयुक्त नेतृत्व में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, गूंजा राष्ट्रभक्ति का सदेश।

जनपद महोबा में "हर घर तिरंगा" अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 13.08.2026 को भव्य एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी महोबा श्रीमती ग़ज़ल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित इस तिरंगा यात्रा में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं तथा स्काउट बैंड के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।



तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ जिलाधिकारी आवास से हुआ। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा थामे प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ राष्ट्रभक्ति के नारों और देशप्रेम की भावना का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा कचेहरी, परमानन्द चौक एवं बस स्टैण्ड होते हुए आल्हा चौक पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ।

यात्रा के दौरान पूरा मार्ग देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। हाथों में लहराता तिरंगा, देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों एवं उत्साह से भरे प्रतिभागियों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों एवं राष्ट्रनायकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। तिरंगा यात्रा ने आमजन में राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, भाईचारे एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर जनपद के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण, पुलिस बल, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं पूरे जोश एवं अनुशासन के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। स्काउट बैंड द्वारा भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए देशभक्ति की धुनों के माध्यम से वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर किया गया।

तिरंगा यात्रा के माध्यम से जनपदवासियों को "हर घर तिरंगा" अभियान से जुड़ने तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

जिलाधिकारी महोबा एवं पुलिस अधीक्षक महोबा ने जनपदवासियों से आह्वान किया कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष एवं बलिदान को स्मरण करने का अवसर है, जिनके अथक प्रयासों और बलिदानों के फलस्वरूप देश को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक इसमें सहभागी बनकर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन करे।

"हर घर तिरंगा" अभियान के अंतर्गत आयोजित इस भव्य तिरंगा यात्रा ने जनपद महोबा में देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को और मजबूत किया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से जनपदवासियों को संदेश दिया गया कि देश सर्वोपरि है और राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

आइए, स्वतंत्रता दिवस के इस गौरवपूर्ण अवसर पर हम सभी अपने घरों पर तिरंगा फहराएं, राष्ट्र की आन-बान-शान का सम्मान करें तथा "हर घर तिरंगा" अभियान को जन-जन तक पहुंचाते हुए देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को और मजबूत बनाएं।

दिनांक- 13.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 550/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर — थाना कबरई

## थाना कबरई पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबंधित 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के नेतृत्व में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गौंड के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस को सफलता प्राप्त हुई।

उक्त अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा गठित टीम के उ0नि0 दिनेश सिंह चन्देल मय हमराह कां0 अमर बहादुर पाल व म0कां0 कविता चौहान द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 181/2026 धारा 137(2) बीएनएस से संबंधित 01 नफर वांछित अभियुक्त प्रदीप पुत्र मुन्नालाल, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी ग्राम दोनी थाना नौगांव जनपद छतरपुर मध्य प्रदेश को कस्बा कबरई थाना कबरई जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी उपरांत मुकदमा उपरोक्त में नियमानुसार धारा 87/64(1) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुये अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

प्रदीप पुत्र मुन्नालाल उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम दोनी थाना नौगांव जनपद छतरपुर, मध्य प्रदेश

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 दिनेश सिंह चन्देल

2.कां0 अमर बहादुर पाल

3.म0कां0 कविता चौहान



दिनांक- 13.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 551/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ — थाना कुलपहाड़

## थाना कुलपहाड़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई:

## अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के निर्देशन में अवैध शस्त्र, शराब, गांजा एवं जुआ की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुलपहाड़ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा गठित टीम उ0नि0 मलखान सिंह मय हमराह हे0कां0 शिवप्रताप सिंह, कां0 अवनीश उपाध्याय एवं कां0 सुधाकर द्वारा 01 नफर अभियुक्त रविशंकर रैकवार पुत्र स्व0 सुरेश रैकवार उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मोहल्ला अटल स्कूल के सामने जैतपुर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये कस्बा जैतपुर थाना कुलपहाड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 194/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त -

रविशंकर रैकवार पुत्र स्व0 सुरेश रैकवार, उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी मोहल्ला अटल स्कूल के सामने जैतपुर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा।

### अभियुक्त का आपराधिक इतिहास -

1.मु0अ0सं0 149/2018 धारा 379/411 भादवि, थाना कुलपहाड़।

2.मु0अ0सं0 210/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, थाना कुलपहाड़।

3.मु0अ0सं0 205/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना कुलपहाड़।

4.मु0अ0सं0 396/2023 धारा 147/148/149/307/323/325/427/452/504/506 भादवि व 3(1)द, ध/3(2)5/3(2)5क एससी/एसटी एक्ट, थाना कुलपहाड़।

5.मु0अ0सं0 136/2024 धारा 323/504/506 भादवि, थाना कुलपहाड़।

6.मु0अ0सं0 32/2026 धारा 303(2) भादवि, थाना कुलपहाड़।

7.मु0अ0सं0 349/2014 धारा 380/411/457 भादवि, थाना कुलपहाड़।




### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1.उ0नि0 मलखान सिंह

2.हे0कां0 शिवप्रताप सिंह

3.कां0 अवनीश उपाध्याय

4.कां0 सुधाकर

दिनांक- 13.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 552/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ — थाना कुलपहाड़

## थाना कुलपहाड़ महोबा की संयुक्त पुलिस टीम ने लड़ाई-झगड़ा करने वाले 13 नफर अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग के तहत की निरोधात्मक कार्यवाही...।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से शांति भंग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 13.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री अनुरुद्ध कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़, श्री अवधेश कुमार मिश्र द्वारा प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु पुलिस टीम गठित की गई।

गठित पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले 13 नफर अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के उपरान्त संबंधित उपजिलाधिकारी महोदय के समक्ष पेश किए जाने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.सुनील अहिरवार पुत्र स्व0 मोहनलाल अहिरवार उम्र करीब 45 वर्ष नि0 ग्राम भटेवरा खुर्द, थाना कुलपहाड़ महोबा।
2.प्रेमचन्द अहिरवार पुत्र नदुआ अहिरवार, उम्र करीब 32 वर्ष, निवासी ग्राम ठठेवरा, थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा।
3.देवेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र स्व0 विशेश्वर दयाल राजपूत, उम्र करीब 56 वर्ष,
4.अवधेश राजपूत पुत्र देवेन्द्र सिंह राजपूत, उम्र करीब 30 वर्ष
5.रूद्रेश राजपूत पुत्र देवेन्द्र सिंह राजपूत, उम्र करीब 28 वर्ष
6.रोहित सिंह यादव पुत्र कोमल सिंह यादव निवासीगण मु0 कठवरिया, कस्बा व थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा।
7.सतीश सिंह उर्फ बुग्गीराजा सिंह, उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी ग्राम बौरा, थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा।
8.राजेन्द्र रैकवार पुत्र रतीराम रैकवार, उम्र करीब 24 वर्ष, निवासी ग्राम बौरा, थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा।
9.अनुज यादव पुत्र दिनेश यादव, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी ग्राम सुगिरा, थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा।
10.रोशन रैकवार पुत्र प्यारेलाल, उम्र करीब 20 वर्ष, निवासी ग्राम पथलौड़ी, थाना राठ, जनपद हमीरपुर।
11.पूरन पाल पुत्र हल्के भाई, उम्र करीब 27 वर्ष, निवासी ग्राम मुढारी, थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा।
12.भारत पुत्र सरमन लाल अहिरवार, उम्र करीब 20 वर्ष, निवासी ग्राम टिकरिया, थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा।
13.हरदयाल पुत्र सूरा अहिरवार, उम्र करीब 55 वर्ष, निवासी ग्राम टिकरिया, थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 मोहम्मद शोएब
2.उ0नि0 हरीशंकर यादव
3.उ0नि0 योगेश रावत
4.हे0का0 उत्तम सिंह
5.का0 अनिल कुमार
6.का0 मनोज कुमार

